पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री
विधान मण्डल के संयुक्त अधिवेशन पर हुई चर्चा
ताज महोत्सव के समापन के लिये अनुरोध किया

लखनऊः 7 फरवरी, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचारिक भेंट की। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से कल 8 फरवरी, 2018 से आहूत राज्य विधान मण्डल के संयुक्त अधिवेशन पर विशेष रूप से चर्चा की। वर्ष के पहले अधिवेशन में राज्यपाल राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से सम्बोधित करते हैं जिसके बाद औपचारिक रूप से सदन की कार्यवाही शुरू होती है। वर्तमान सरकार का यह दूसरा संयुक्त सत्र है।

राज्यपाल को गत वर्ष की तरह प्रोटोकाल के अंतर्गत राज्य विधान मण्डल के संयुक्त अधिवेशन को सम्बोधित करने से पहले राजभवन में 'गार्ड आफ आनर' दिया जायेगा। गार्ड आफ आॅनर के पश्चात राज्यपाल विधान भवन हेतु प्रस्थान करेंगे। विधान भवन पहूंचने पर मुख्यमंत्री, विधान परिषद के सभापति, विधान सभा अध्यक्ष द्वारा स्वागत किया जायेगा। राज्यपाल विधान भवन पोर्टिकों में 'नेशनल सेल्यूट' लेंगे तथा इसके पश्चात् विधान सभा मण्डप के लिये प्रस्थान करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी द्वारा विचारोपरान्त सभी राज्यपालों के लिये अपने स्तर से नये प्रोटोकाल का प्रारूप जारी किया गया था।

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को 18 से 27 फरवरी, 2018 तक आयोजित होने वाले ताज महोत्सव के समापन समारोह के लिये भी आमंत्रित किया। राज्यपाल ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने में असमर्थता जताते हूये बताया कि 27 फरवरी, 2018 को मुंबई में महाराष्ट्र सरकार द्वारा उन्हंे मराठी संस्मरण संग्रह 'चरैवेति! चरैवेति' के लिये लक्ष्मीबाई तिलक पुरस्कार से सम्मानित किया जाने का कार्यक्रम है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष मराठी साहित्य में विमोचित लेखन की विभिन्न कलाओं जैसे लघुकथा, ललित गद्य, दलित साहित्य, शिक्षण शास्त्र, बाल वांगमय, नाटक, उपन्यास, आत्मचरित्र के लिए पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन (57/10)

TRIVEDI